तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **बाबुराम** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या—ऑनलाईन अपील संख्या 353698021060103	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
17/06/25	अपीलार्थी बाबुराम निवासी ग्राम मंडई खुर्द तहसील तिंवरी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 19.12.2024 को ग्राम पंचायत माण्यिाई खुर्द में वर्ष 2020 से दिसम्बर 2024 के मध्य की गई पंचायत की साधारण बैठक की कार्यवाही रजिस्टर के सत्य प्रमाणित छाया प्रति उपलब्ध करवाने व अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर, शहर प्रथम, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 536 दिनांक 30.05.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय से संबंधित नही होने से पत्र क्रमांक 206 दिनांक 13.02.2024 के द्वारा अपीलार्थी को सूचित करते हुए संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.06.17 14:30:49 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.: 15966080